तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 20 नवंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 धान उपार्जन केंद्र में खरीदी शुरू न होने पर, ....



12 विद्यार्थियों को महिला अपराध, साइबर ...




## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब बरामद 1 कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने छामापार कार्यवाही करते हुए अवैध ढंग से बिक्री करने के लिए कब्जे में रखे पोरोण्डी के शराब कोचिए से अंग्रेजी शराब को जप्त किया। भानुप्रतापपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से जानकारी मिला था कि आरोपी किसन दास मानिकपुरी कार से शराब का परिवहन कर रहा है। मिली जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 18 नवंबर को बसंत नगर नारायणपुर के गली में सफेद रंग की वाहन क्रमांक सीजी 04 बी 7213 का तालाशी लिया। वाहन में 7 नग बियर, 26 नग गोल्डन गोवा। शराब की कुल कीमत लगभग 4 हजार 580 रूपएं को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी पोरोण्डी निवासी किसन दास मानिकपुरी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, चालक घायल



**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत सिलपट नाका से कुछ दूर दमकसा रोड के पास सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय हिराय बाई उसेंडी का मौत हो गया। सिलपट निवासी 36 वर्षीय दुवारू मंडावी ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 8 एडब्ल्यू 5192 का दमकसा रोड कोसुम पेड़ के पास 18 नवंबर को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई व बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### राज्य रिकॉर्डिंग डांस स्पर्धा 22 को

**दुर्गुकोंदल।** नव युवक युवती समिति दुर्गुकोंदल द्वारा राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 22 नवंबर शनिवार को उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गुकोंदल (खुटगांव) में किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से प्रतिभाशाली कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे क्षेत्र में सांस्कृतिक माहौल और समृद्ध होगा। नवयुवक युवती समिति एवं समस्त ग्रामवासी दुर्गुकोंदल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों से भारी उपस्थिति की अव्हान किया। यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

## कार्रवाई का असर : संसाधनों की कमी और सुरक्षा बलों के दबाव ने लाल कैडर की तोड़ी कमर

# हिड़मा के बाद लाल गलियारों में मची भगदड़ जंगलों में भटकते नक्सलियों में बढ़ी दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उत्तर बस्तर के घने पहाड़ों और अबूझमाड़ की कंदराओं में इस वक्त असामान्य खामोशी पसरी हुई है। कभी लाल दस्तों की आवाजाही और लगातार होने वाली गतिविधियों का केंद्र रहे इन जंगलों में अब असुरक्षा और अनिश्चितता का माहौल है। सुरक्षा बलों की बढ़ती दबाव कार्यवाहियों ने उन्हें लगातार छोटे-छोटे समूहों में बिखरने पर मजबूर कर दिया है।

नक्सलियों के बड़े लीडर के आत्मसमर्पण और हिड़मा के मारे जाने के बाद जंगलो में भटक रहे नक्सली कैडर न सिर्फ दिशाहीन हो गया है, बल्कि इन्हीं परिस्थितियों ने जंगलों में भटक रहे नक्सलियों के बीच दहशत और अविश्वास की स्थिति को जन्म दिया है। जानकारी के मुताबिक कई नक्सली दस्ता सदस्य अब अपने पुराने ठिकानों से भी दूरी बना रहे हैं और नयी, सुरक्षित जगहों की तलाश कर रहे हैं जहाँ वे पुलिस और सुरक्षा बलों की नजर से बच सकें। नक्सलियों के जो मददगार हुआ करते थे, अब वे समर्पण करने वाले नक्सलियों के साथ हो चले है। उत्तर बस्तर में सुरक्षा बलों की लगातार रणनीतिक बढ़त और सर्च ऑपरेशन के कारण अब वे क्षेत्र भी नक्सलियों के लिए असुरक्षित हो गए हैं जिन्हें कभी "सेफ कॉरिडोर" कहा जाता था। कांकेर जिले की अबूझमाड़ की सीमा में फैले कई गांव अब नक्सली गतिविधियों के लिए पहले जैसे ढाल नहीं रहे। ग्रामीणों में भी अब पहले जैसी चुप्पी नहीं रही, जागरूकता और सुरक्षा बलों के संपर्क बढ़ने से नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना तुरंत बाहर आ रही है। ऐसे में नक्सलियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपनी जान बचाना और छिपने के लिए नयी जगह तलाशना। लेकिन लगातार चौकसी से यह काम पहले की तुलना में कई गुना मुश्किल हो गया है।

**पुराने ठिकाने टूटे, ग्रामीणों का भरोसा घटा, हताश नक्सली सुरक्षित ठिकानों की तलाश में**




### अंदरूनी मतभेद की बातें आ रही सामने

सीसी रूपेश और भूपति के समर्पण के बाद हिड़मा की मौत के बाद संगठन के भीतर नेतृत्व का संकट गहरा गया है। कई पुराने कमांडर आपस में सहमति नहीं बना पा रहे। सूत्र बताते हैं कि अब कई दलम सदस्य अपने कमांडर से यह सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर संगठन उनकी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा रहा है। पहले नेतृत्व पर अंधा भरोसा रखने वाला कैडर अब भय के कारण सवाल पूछने लगा है। वरिष्ठ कैडर संभालने की कोशिश कर रहे हैं, पर युवा कैडर में असंतोष बढ़ रहा है। यह असंतोष कई जगह छोटे-छोटे समूहों में बंट कर काम करने के रूप में सामने आया है। यह स्थिति संगठन के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है।

### जंगल की पगडंडिया अब बनी खतरे की घंटी

अबूझमाड़ के जंगलों को नक्सली दशकों से अपना सुरक्षित ठिकाना मानते आए हैं। परंतु अब वहां भी सुरक्षा बलों की छोटे दस्तों में की गई पैठ ने नक्सलियों के मन में असुरक्षा पैदा कर दी है। पहले जहां वे दिनों तक एक ही कैंप में रहकर योजनाएँ बनाते थे, अब उन्हें हर रात ठिकाना बदलना पड़ रहा है। एक समय जिस जंगल की पगडंडियों को नक्सलियों के लिए "जीवन रेखा" माना जाता था, वहीं अब उनके लिए खतरे की घंटी बन चुकी हैं। सुरक्षा बलों की बढ़ती चुनौतियों से बचना अब लगभग असंभव होता जा रहा है।

### नक्सलियों की स्थानीय लोगों से दूरी बढ़ी

नक्सली संगठन का पहले ग्रामीणों में भय बना रहता था, परंतु एक साल से जिस तरह के इनकाउंटर बिनागुंडा और कलपरस इलाके में हुए, उससे नक्सली भयभीत हुए है। शिक्षा, सड़कें, मोबाइल नेटवर्क और सुरक्षा शिविरों के बढ़ने से ग्रामीण अब अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने लगे हैं। इससे नक्सलियों की पकड़ कमजोर हुई है। ग्रामीणों से दूरी बढ़ने का नतीजा यह है कि नक्सलियों को अब भोजन, आश्रय और सूचनाएँ पहले की तरह नहीं मिल रही हैं। यह कमी उनके अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

### संगठन से अलग होने वालों की संख्या बढ़ी

हिड़मा जैसे बड़े चेहरे के मौत हो जाने से कई युवा नक्सली हतोत्साहित हुए हैं। जिन सपनों और विचारों के साथ वे संगठन से जुड़े थे, अब वे टूटते नजर आ रहे हैं। कई सदस्य अब संगठन से अलग होकर सुरक्षित जीवन की तलाश में हैं। कई स्वयं सरेंडर करने को तैयार हैं, बस सही अवसर का इंतजार कर रहे हैं। सुरक्षा बल भी लगातार सरेंडर नीति के तहत उन्हें पुनर्वास का भरोसा दिला रहे हैं, जिससे संगठन का मनोबल और टूट रहा है।

### नक्सलियों में अब केवल दहशत

नक्सलियों में इस समय सबसे बड़ा सवाल यही है कि वे आखिर कहाँ जाएँ? पारंपरिक ठिकाने असुरक्षित हो चुके हैं। पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर भी सुरक्षा की पैठ बढ़ चुकी है। जंगलों में भटक रहे कई दस्ता सदस्य लगातार स्थान बदलते हुए थक चुके हैं। दहशत इस कदर है कि अब वे किसी पर भरोसा करने से भी डरते हैं, चाहे वह उनका साथी ही क्यों न हो।

### भागकर जाएँ तो जाएँ कहाँ ?

नक्सलियों के लिए यह समय अस्तित्व का संकट है। नेतृत्वहीनता, सुरक्षा बलों का दबाव, संसाधनों की कमी, ग्रामीणों का बदलता रुख और संगठन के भीतर फैली दहशत इन सभी कारणों ने नक्सली गतिविधियों को कमजोर कर दिया है। कांकेर जिला अब एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ नक्सलवाद का भविष्य अनिश्चित और धुंधला दिखाई दे रहा है। जंगलों में भटकते नक्सली केवल एक ही सवाल से घिरे हैं, भागकर जाएँ तो जाएँ कहाँ?

### समर्पण के लिए पुलिस ने जारी किया नंबर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने चंदर, फागू, रूपी, परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के नक्सलियों से आव्हान किया है कि अभी भी आत्मसमर्पण करने का मौका है। आत्मसमर्पण के लिए मोबाईल नंबर 9479194100 पर संवाद कर सकते है। जंगल में जहाँ भी होंगे, आत्मसमर्पण में मदद किया जाएगा। फोर्स लगातार सर्चिंग में है, टकराने पर मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।



## पीएम किसान सम्मान निधि हुई जारी जिले के किसानों को मिले 16 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के 21 वें किस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया गया, जिसमें देश के 9 करोड़ किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रूपएं की धनराशि हस्तांतरित की गई, जिसमें कांकेर जिले के 79005 किसानों को 15 करोड़ 80 लाख 10 हजार रूपएं मिले। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सरकार को किसानों के लिए सोचती है, सरकार किसानों की आय को दोगुना करने की ओर प्रयासरत है, साथ ही उन्होने यह भी कहा कि गाय-बैल किसानों के मित्र होते हैं उनका संरक्षण अतिआवश्यक है, पशु कृषि का अभिन्न अंग है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि सभी किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। सभापति कृषि स्थायी समिति राजेश्वरी नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि कृषकों के लिए बहुत उपयोगी है, किसानों को वैज्ञानिक सलाह से कृषि कर लाभ कमाना चाहिए। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर डॉ. बीरबल साहू द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई।

सहायक संचालक मत्स्य विभाग एसएस कंवर द्वारा कृषकों को मत्स्य सम्पदा आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें सत्यम मित्रा द्वारा पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। जितेन्द्र ▶▶| शेष पेज 10 पर

## धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण और किसानों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा क्षेत्र अंतर्गत चारामा, आंवरी, ढोकला और लखनपुरी धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बुधवार 19 नवंबर को निरीक्षण कर खरीदी कार्य की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और खरीदी केंद्र पहुँचे किसानों से संवाद भी किया। चारामा धान खरीदी केंद्र में 19 नवंबर को 14 किसानों के लिए टोकन जारी किए गए थे और सभी किसानों का धान सुचारु रूप से खरीदा गया। केंद्र में सुव्यवस्थित प्रक्रिया, तौल व्यवस्था और स्टाफ के सक्रिय कार्य को देखकर कलेक्टर ने समिति प्रबंधक और खरीदी प्रभारी की सराहना किया। धान खरीदी केंद्र आंवरी में आज 06 किसानों का तथा ढोकला केंद्र में 01 किसान का धान खरीदा गया। सभी केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित पाई गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों और धान खरीदी प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक केंद्र में सभी प्रबंधन लगातार सक्रिय और संवेदनशील बने रहे। निरीक्षण के ▶▶| शेष पेज 10 पर


## बच्ची से मिलने की बात पर विवाद, जान से मारने की दी धमकी




**कांकेर।** बच्ची से मुलाकात को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद रविवार शाम उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब सेलेगांव में एक बुजुर्ग महिला के घर में जबरन घुसकर कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने न सिर्फ गाली-गलौज किया, बल्कि परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से डरी-सहमी पीड़ित महिला ने कोरर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोरर थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंची सेलेगांव निवासी 60 वर्षीय सिरमोतिन बाई नाग ने बताया कि 16 नवंबर की शाम करीब 4 से 5 बजे एक कार क्रमांक सीजी 10 एबी 3933 में सवार होकर तीन लोग उनके घर पहुंचे। पीड़िता के अनुसार, कार से उतरी बसंती नाग ने कहा कि वह अपने बच्ची से मिलने आई है। इस पर सिरमोतिन बाई ने जवाब दिया कि बच्ची थानवी नाग की तबियत खराब है, उसे दवा देकर सुलाया है, इसलिए अभी नहीं मिल सकती। इसी बात पर बसंती नाग नाराज हो गई और बुजुर्ग महिला पर गाली-गलौज करते हुए आरोप लगाया कि वे जानबूझकर बच्ची से मिलने नहीं दे रहीं। पीड़िता ने बताया कि बसंती ने उग्र लहजे में धमकी दी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## किसान हितों से खिलवाड़ पर कड़ी कार्रवाई, अनुपस्थित दो लेखापाल को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पदस्थ अधिकारियों की लापरवाही और लगातार अनुपस्थिति के कारण धान उपार्जन एवं कृषकों से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होने पर दो कर्मचारियों की सेवाएँ तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कांकेर द्वारा जारी निर्देशों तथा संचालक मंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यालय उपायुक्त सहकारिता द्वारा पत्र क्रमांक उपकां/धान खरीदी/2025/948 दिनांक 18 नवंबर 2025 को जारी निर्देश में संस्था के पूर्व प्राधिकृत अधिकारी नोहर सिंह उयके को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए थे। इसके बाद यह पाया गया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डोकला में पदस्थ लेखापाल एवं प्रभारी प्रबंधक छन्नूलाल साहू लंबे समय से अनुपस्थित थे। उनकी अनुपस्थिति के कारण धान खरीदी, रबी ऋण वितरण, खाद-बीज वितरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए। शासन के व्यापक लोकहित एवं कृषकहित से जुड़े इन कार्यों में बाधा आने को गंभीर दुराचरण मानते हुए समिति के संचालक मंडल ने 19 नवंबर 2025 को प्रस्ताव क्रमांक 01 के तहत सर्वसम्मति से उनकी सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया।

इसी प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बिरनपुर द्वारा 13 नवंबर 2025 को जारी पत्र में लेखापाल कोदूराम मरकाम को तत्काल उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। चेतावनी के बावजूद उनके द्वारा उपस्थिति नहीं देने से धान उपार्जन कार्य की तैयारी तथा किसानों को ऋण, खाद-बीज वितरण जैसे कार्य बाधित हुए। इसे गंभीर दुराचरण मानते हुए समिति के संचालक मंडल ने 19 नवंबर 2025 को प्रस्ताव क्रमांक 01 के अंतर्गत कोदूराम मरकाम की सेवाएँ भी तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया गया।

### विधायक के प्रयास से 68 लाख हुआ मंजूर, शेड से मिलेगी सभी को राहत

## विधायक ने किया शेड निर्माण का भूमिपूजन, सब्जी विक्रेताओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





नगरपालिका कार्यालय के पीछे स्थित सब्जी बाजार को व्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को 68 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम रहे, जिन्होंने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस मौके पर नगर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कांकेर शहर के विकास को नई दिशा देने के लिए कई योजनाएँ बनाई गई हैं, जिन पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नया सब्जी बाजार व्यापारियों और शहरवासियों के लिए सुविधाजनक बनेगा। खुले में व्यापार करने, बारिश के दिनों में परेशानी झेलने और अव्यवस्थित दुकानें होने से सब्जी विक्रेताओं एवं ग्राहकों को दिक्कत होती थी। आधुनिक शेड निर्माण के बाद बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी तथा बाजार पूरी तरह सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित रूप में विकसित होगा। उन्होने कहा कि कांकेर शहर का विकास यहां की जनता के साथ मिलकर किया जाएगा। मेरा लक्ष्य है कि हमारा शहर सुंदर, स्वच्छ और सुविधाओं से भरपूर बने। इस दिशा में हर संभव प्रयास आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि नगर की सड़कों, पेयजल व्यवस्था, रोशनी, सफाई और यातायात सुधार के लिए भी महत्वपूर्ण परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में सतीश लाटिया, टिकेश्वर जैन, महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षदगणों में अजय सिंह रेनू, उगेश्वरी उइके, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, शकुंतला जैन, चित्ररेखा जैन, सलीम मेमन, टिकेन्द्र ठाकुर, मीरा सलाम, ओमप्रकाश देवांगन, मंजू सारथी, भाजपा नेताओं में बृजमोहन तिवारी, संजय सिन्हा, नीलू तिवारी, दिनेश रजक, अरविंद जैन, जयंत अटभैया, दीपक खटवानी, नीलू तिवारी, बीरेंद्र श्रीवास्तव, राजेंद्र गौर टिकेंद्र दुग्गा, गिरधर यादव, सपन श्रीवास्तव, मोंटी खटवानी, योगेश साहू, शैलेंद्र शोरी, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, हर्षल गजभिए के अलावा नगरपालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 7 दिसम्बर को अमीन भर्ती परीक्षा

**कोण्डागांव।** जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 7 दिसम्बर को होगा। परीक्षा प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित की जाएगी जिसमें लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। हालाँकि परीक्षा सीमित जिलों में हो रही है, लेकिन इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। व्यापम ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अभ्यर्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन कर लें ताकि परीक्षा दिवस पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर उपस्थित होना होगा। मुख्य द्वार सुबह 11:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। फ्रिस्किंग और फोटोयुक्त पहचान पत्र से सत्यापन अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएँ। वर्जित रंग काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी, गहरा चॉकलेटी। बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर ही अनुमत होगा जांच के दौरान उतारना होगा। धार्मिक, सांस्कृतिक वेशभूषा वाले अभ्यर्थियों को पहले रिपोर्ट करना होगा, अतिरिक्त जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। फुटवियर में केवल चप्पल की अनुमति। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

### ढाबा में चोरी, शटर को सब्बल से मोड़कर घुसे चोर

**कुरुद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। सोमवार की रात कुरूद बस स्टैंड स्थित देवेंद्र ढाबा में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने शटर को सब्बल से मोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ढाबा संचालक के अनुसार लगभग 40 हजार रुपये की चोरी हुई है। गौरतलब है कि 5 दिन पहले कमला मेडिकल, अमित प्रोजिजन, पदनाप ट्रेडर्स में भी चोरी की घटना सामने आई थी, लेकिन अब तक किसी भी मामले में पुलिस को ठोस सफलता नहीं मिल पाई है।

### गांजा पीते युवक पकड़ाया

**धमतरी।** नशा उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर गांजा पी रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोलियारी मोड़ भखारा स्थित सार्वजनिक स्थान पर एक युवक द्वारा अवैध रूप से गांजा पीने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां आरोपी मुकेश ठाकुर पिता कौशल ग्राम खुटेरी थाना मगरलोड निवासी कोलियारी मोड़ के पास सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम गांजा का सेवन कर रहा था। पुलिस ने युवक को रंगेहाथ पकड़ उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट धारा 27 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# राम लला दर्शन योजनाः कोंडागांव से 51 श्रद्धालु अयोध्याधाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के 51 श्रद्धालुओं का दल राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत मंगलवार रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। नगर के अंबेडकर चौक से रात 9 बजे नगरपालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को विदा किया।

नपा अध्यक्ष श्री पटेल ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेशवासियों को अध्यात्म और रामभक्ति से जोड़ने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम बताई गई। श्रद्धालुओं का जत्था पहले बस से राजनांदगांव तक पहुँचेगा, इसके बाद ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगा। सभी श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर दिखाई दिए।

### अंबेडकर चौक से हरी झंडी दिखाकर कराया गया प्रस्थान



#### जनप्रतिनिधियों की रही विशेष उपस्थिति

जत्थे को रवाना करने के अवसर पर उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल, पार्षद हर्ष ढिल्लन, उप संचालक पंचायत बलराम मोरे सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्र राम लला दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम की विशेष यात्र कराने के साथ उनकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से गहरा जुड़ाव स्थापित करना है।

### माटी ने बस्तर को नया आत्मविश्वास दिया : राजाराम

# नक्सलवाद की पीड़ा से उभरता बस्तर 'माटी' बनी नई सामाजिक चेतना की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में सामाजिक जागरण की नई लहर पैदा करने वाली फिल्म 'माटी' को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों ने सामूहिक रूप से देखा। बस्तर की दर्द, संघर्ष और आशाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करने वाली इस फिल्म ने समाज में नई चर्चा को जन्म दिया है।

- बस्तर अब उजले भविष्य की ओर बढ़ रहा है : दशरथ

सर्व आदिवासी समाज,छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम ने फिल्म को बस्तर के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों का जीवन सरल और प्रकृति के निकट रहा है,लेकिन नक्सलवाद ने इस सहज जीवन को गहरा घाव दिया। 'माटी' हमारे समाज की आत्मा को फिर से झकझोरने वाला संदेश देती है। अब बस्तर शांति की ओर लौट रहा है और विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।फिल्म प्रदर्शन में अरुण नेताम,सदा,राम प्रसाद,अशोक कश्यप, विजय कुमार कश्यप,चमेली जेराम,दयामनी नाग,यशोदा नाग, कौशल नागवंशी सहित 100 से अधिक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर कहा कि 'माटी' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पीड़ा, संघर्ष और उम्मीदों का प्रतिबिंब है। समाज के सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि इस फिल्म से बस्तर की सच्ची छवि राष्ट्रीय स्तर पर उभरेगी और शांति व विकास की प्रक्रिया और गतिशील होगी।




#### टैक्स फ्री करने की मांग

सर्व आदिवासी समाज के बस्तर जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा कि अब हमारा बस्तर करवट बदल रहा है। दशकों की पीड़ा और काली छाया से उबरकर बस्तर एक उजले भविष्य की ओर बढ़ रहा है। आदिवासी समाज का विकास और जागरण अब कोई नहीं रोक सकेगा। कश्यप फिल्म के चरित्र भीमा के संवाद से अत्यंत प्रभावित रहे, जिसमें आदिवासी समाज के हितों और नैतिक दायित्वों का प्रभावशाली उल्लेख है। उन्होंने कहा कि यह संवाद बस्तर के हर जागरूक आदिवासी की आत्मा की आवाज है। सामाजिक महत्त्व को देखते हुए दशरथ कश्यप ने छत्तीसगढ़ सरकार से फिल्म 'माटी' को टैक्स-फ्री करने की मांग भी रखी, जिससे अधिक से अधिक लोग इस संदेश से जुड़ सकें।

## नगर पालिका क्षेत्र में अब व्यापार अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में संचालित सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति व्यापार या दुकान खोलना चाहता है तो उसे नगर पालिका से व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी होगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य है। लाइसेंस शुल्क वार्षिक आधार पर लिया जाएगा और प्रत्येक व्यापारी को 60 दिनों के भीतर लाइसेंस लेना होगा। आवेदन मिलने के 15 दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी अनुज्ञप्ति जारी करेगा, अन्यथा 15 दिन बाद इसे स्वीकृत माना जाएगा। विधिमान्य अनुज्ञप्ति के बिना व्यापार करते पाए जाने पर संबंधित परिसर को सील किया जाएगा और वार्षिक शुल्क के दोगुने के बराबर दंड लग सकता है। साथ ही अनुज्ञप्ति की प्रति का प्रदर्शित स्थान पर लगाना भी अनिवार्य होगा। केंद्र, राज्य, जिला प्रशासन तथा नगर पालिका द्वारा जारी आदेशों का पालन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी किसी भी समय परिसर का निरीक्षण कर सकता है। नियम उल्लंघन की स्थिति में नोटिस जारी कर सुधार का निर्देश दिया जाएगा। पालन न करने पर वार्षिक शुल्क के 50 प्रतिशत के बराबर दंड या अनुज्ञप्ति निरस्त की जा सकती है। सरकार ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए शुल्क तय कर दिया है।

- हर दुकान और व्यवसाय के लिए ट्रेड लाइसेंस जरूरी

#### गुमटी और वाहनों पर आधारित व्यापार के लिए अलग शुल्क

नगर पालिका क्षेत्र में गुमटी या कच्ची दुकान के लिए 150 रुपये वार्षिक शुल्क, मिनी ट्रक, जीप, पिकअप वैन पर व्यापार के लिए 300 रुपए शुल्क तय किय गया है। और ऑटो रिक्शा या तिपहिया के लिए 200 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

## श्रद्धाभाव से मनाई इंदिरा गांधी की जयंती ...



**कोण्डागांव।** कांग्रेस भवन मे देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गाँधी की जयंती श्रद्धा भाव से मनाई गई।


### डिजिटल मोबाइल बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**कांकेर।** नियद नेल्लानार योजनांतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक द्वारा 5 दिवसीय डिजिटल मोबाइल बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम के तहत संस्था के प्रभारी विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याता डॉ. जयंत कुमार राय ने ग्राम पंचायत पानीडोबीर की स्व सहायता समूह की महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं से डिजिटल मोबाइल बैंकिंग के बहुत से अवयवों पर चर्चा की गई तथा क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण हिंदी एवं स्थानीय बोली गोंडी में प्रदान किया गया, जिससे कम पढ़ी-लिखी या हिंदी में कम सहज महिलाओं को भी सभी जानकारी सरलता से समझ में आ सके।

## दल्ली रोड में ट्रैफिक अव्यवस्था चरम पर गतिरोधक व पुलिस व्यवस्था की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

दल्ली रोड भारतीय स्टेट बैंक के सामने मंगलवार 14 नवंबर को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक की चपेट में आने से उनका पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि इस भीषण घटना के लिए क्षेत्र में व्याप्त ट्रैफिक अव्यवस्था जिम्मेदार है। दल्ली रोड का यह चौराहा चार दिशाओं को जोड़ता है और सब्जी मंडी चौपाटी, दल्ली रोड, मुख्य चौक एवं आत्मानंद स्कूल जहां पूरे दिन भारी भीड़ रहती है। आत्मानंद स्कूल और भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा स्थित होने से बच्चों, अभिभावकों और बैंक ग्राहकों की आवाजाही लगातार बनी रहती है।



स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि सब्जी मंडी मार्ग पर बने गेट के पास सड़क के दोनों किनारों पर चना व फल दुकानदारों द्वारा सड़क कब्जा कर लेने और साथ ही हार्डवेयर दुकान के सामान के सड़क तक फैल जाने से मार्ग अत्यंत संकीर्ण हो जाता है। इसके अलावा दुकानों के सामने वाहनों को खड़ा कर दिन भर होने वाली लोडिंग-अनलोडिंग से ट्रैफिक जाम की समस्या और बढ़ जाती है। व्यापारियों ने बताया कि बीते दिनों दो स्कूली बच्चे भी इसी स्थान पर ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बचे थे। आए दिन हो रहे हादसे क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश पैदा कर रहे हैं। दल्ली रोड के सभी व्यापारियों ने संयुक्त रूप से संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सड़क के दोनों तरफ तत्काल गतिरोधक स्पीड ब्रेकर बैरिकेट लगाए जाएं, स्कूल समय और शाम के समय एक पुलिस कर्मी की नियमित ड्यूटी लगाई जाए। व्यापारियों ने कहा कि यदि इस चौराहे की ट्रैफिक व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्परतापूर्वक कार्रवाई की मांग की है।

## दो दिव्यांगों को बैसाखी मिली, माना आभार



**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम हेतले ग्राम पंचायत कड़मे के सुरेश दर्रो एवं योगेश दर्रो को बैसाखी प्रदान किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि दिव्यांगों द्वारा बैसाखी प्रदाय करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में पैर से दिव्यांग होने के कारण अपनी दिनचर्या एवं चलने-फिरने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सहायक उपकरण मिलने से दोनों आवेदकों द्वारा खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## औद्योगिक नीति 2024-30 पर संगोष्ठी कार्यशाला में दी गई नीतिगत जानकारियां

**कोण्डागांव।** औद्योगिक नीति 2024–30 के व्यापक प्रचार–प्रसार और उद्योगों तक इसके लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 18 नवम्बर को जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में औद्योगिक नीति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्याज अनुदान और स्टाम्प शुल्क छूट सहित कई प्रावधानों की जानकारी संगोष्ठी में उद्योगों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों ब्याज अनुदान, अधोसंरचना लागत अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, तथा अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की गई।

- जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ आयोजन

कार्यक्रम में प्रभारी महाप्रबंधक श्रीमती कुसुमलता नेताम एवं सहायक प्रबंधक श्रीमती नम्रता एल्मा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उपस्थित रहीं। उन्होंने उद्योग स्थापित करने में मिलने वाली सुविधाओं, निवेश प्रोत्साहनों तथा प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। संगोष्ठी में राइस मिल एसोसिएशन कोण्डागांव के अध्यक्ष हरिश गोल्छा, स्थानीय व्यवसायी, महिला समूह, डीआरपी हर्ष लाहोटी, अक्षत श्रीवास्तव सहित जिला पंचायत कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

#### औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में पहल

*कार्यशाला का उद्देश्य जिले के उद्यमियों को नई औद्योगिक नीति के लाभों से अवगत कराना और उन्हें उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल जिले में औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।*

## एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन अब 25 तक, रकबा संशोधन का भी अवसर

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों का पंजीयन किया जा रहा है। किसानों को एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन एवं रकबा संशोधन कराने की अंतिम तिथि में संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत कैरीफारवर्ड, नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल, रकबे की पंजीयन की तिथि 25 नवम्बर तक बढ़ाई गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि किसान अब तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से नवीन पंजीकरण और रकबा संशोधन करा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क 1800-233-1030 अथवा खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर सम्पर्क कर सकते हैं। ज्ञात हो कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 धान खरीदी हेतु डुबान, वन पट्टाधारी कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने की जानकारी दी गई है। जिसके परिपेक्ष्य में एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने तथा शेष डुबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गई है।




### इवेंट में बस्तर शिल्प की अनूठी प्रदर्शनी, बुकलेट व पंपलेट वितरित

# कोंडागांव के शिल्पकारों को मिला नया मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से कोंडागांव जिले के बेल मेटल और लोहे के शिल्पकारों को रायपुर में आयोजित 'जोश' इवेंट में अपने पारंपरिक हस्तशिल्प प्रदर्शित करने का अवसर मिला। स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग उपस्थित रहे। जोश इवेंट में लगाए गए विशेष स्टॉल में शिल्पकारों ने अपनी पारंपरिक बस्तर आर्ट, बेल मेटल व आयरन क्राफ्ट की मनमोहक वस्तुएँ प्रदर्शित कीं। लोगों ने बस्तर कला की न केवल सराहना की, बल्कि उत्साहपूर्वक खरीदारी भी की, जिससे कलाकारों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ।

- बस्तर के शिल्पकारों को मिला बड़ा अवसर



#### बुकलेट और पंपलेट वितरण से बढ़ी जागरूकता

कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों के बीच बस्तर शिल्पकारों से जुड़ने और उनके उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए बुकलेट व पंपलेट वितरित किए गए। आयोजन का उद्देश्य लोगों को शिल्पकारों की मेहनत और उनके पारंपरिक कौशल से परिचित कराना तथा कलाकारों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना रहा।

#### शिल्पकारों की आजीविका को मिलेगा संबल

यह पहल बस्तर क्षेत्र के लोक कलाकारों को नए बाजारों से जोड़ने, उनके कारीगरी उत्पादों की पहुँच बढ़ाने और उनकी आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## पेज 9 के शेष

### पीएम किसान सम्मान...

कोमरा द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। लाल बहादुर सिंह ने किसानों को उर्वकर उपयोगी की जानकारी प्रदान की।

### धान खरीदी केंद्रों...

दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा नरेन्द्र बंजारा, नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले तथा जनपद पंचायत सीईओ गोपाल कंवर ने सभी उपार्जन केंद्रों की स्थिति, खरीदी की प्रगति और व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### बच्ची से मिलने...

मैं तुम्हें छोड़ूंगी नहीं, जान से मरवा दूंगी। सिरमोतिन बाई के अनुसार बसंती के साथ आए दो अज्ञात युवक भी घर में जबरन घुसे और परिवार के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना के बाद पूरा परिवार भयभीत है।

शिकायत पर कोरर पुलिस ने बसंती नाग और अन्य दो आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोप की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।

### विधायक ने किया...

कहा कि सब्जी बाजार के लिए नया शेड निर्माण शहर की वर्षों पुरानी आवश्यकता थी। इससे न केवल व्यापारियों को लाभ मिलेगा, बल्कि नागरिकों को भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित बाजार मिलेगा। बारिश, धूप और मिट्टी से होने वाली परेशानियाँ दूर होंगी और बाजार का वातावरण बेहतर बनेगा। नगरपालिका सीएमओ पवन मेरिया ने कहा कि बेकार पड़ी सिटी बस को हटाने के लिए विधायक ने कहा था, परंतु दिक्कतें हो रही थी। विधायक ने स्वंय खड़े होकर बसों को हटवाने में मदद किया और उसी का परिणाम रहा कि आज सफाई हो गई और अब शेड बनाने को लेकर भूमिपूजन किया गया। यह विधायक के प्रयास से ही संभव हो सका।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज की हुई बैठक



**बकावड।** विकासखंड बकावड अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में साहू समाज की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कन्या शाला में कराया गया न्यौता भोज



**बस्तर।** बस्तर के शासकीय कन्या शाला में मंगलवार को नगर पंचायत बस्तर के नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद समीर मिश्रा के जन्म दिवस पर बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। इस अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा सहित स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे उपस्थित थे। इस दौरान पार्षद समीर मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से बच्चों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर बच्चों ने पार्षद समीर मिश्रा को जन्म दिवस की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ब्लॉक कांग्रेस की हुई बैठक व प्रशिक्षण

**बकावंड।** ब्लॉक कांग्रेस बकावंड एवं करपावण्ड की बीएलए प्रशिक्षण एवं बैठक ब्लॉक मुख्यालय बकावंड के सदभावना भवन में संभाग प्रभारी पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संपन्न हुई। जैन ने संबोधन के माध्यम से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश एवं ऊर्जा भरा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम बिसाई, सोनाधर बघेल, गणेश राम बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, जगमोहन बघेल, मोना पाढ़ी, तुलाराम सेठिया, नित्या चंद्राकर, निर्मला कश्यप एवं सभी मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मतदाता गणना पर्ची भरने लगाया शिविर



**दंतेवाड़ा।** सलवा जुडूम राहत शिविर कैंप कासोली में मतदाता गणना पर्ची भरने एवं एकत्रीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया। इसमें ग्राम पीडियाकोट, चिंगेर, निराम, ओडसा, पल्लेवाया, करकावाडा, एकेली के अलावा बीजापुर जिले के कुल 50 परिवार और जिला नारायणपुर के ग्राम कुंजेवाडा, बेड़मा, के 15 परिवार मतदाता भी शामिल है जिनका 2003 के मतदाता सूची से मिलान अनुसार वर्तमान मतदान केंद्र 47 में एसआईआर ईएफ मतदाता गणना पर्ची भरने एवं एकत्रीकरण किया गया। जिसमे एसडीएम गीदम, मास्टर ट्रेनर्स, बीएलओ, सुपरवाइजर, ऑपरेटर ऑनलाइन एंट्री कार्य हेतु उपस्थित रहे।

### एसआईआर की राजनीतिक दलों को दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के संबंध में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित किए जाने के साथ-साथ कलेक्शन कर डिजिटाइजेशन करने की प्रगति के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों का बैठक जिला निर्वाचन कार्यालय में आज आयोजित किया गया।

# बालिकाओं ने किया सामाजिक सेवा और जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर के टाकरागुड़ा स्कूल प्रांगण में आयोजित एनएसएस शिविर में बुधवार को बालिकाओं ने भाटपाल में रायकेरा नाला में पानी रोकने के लिए रेत की बोरियां डालीं और सड़क का मरम्मत किया। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाकर अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई किया।

महिला एवं बाल विकास के पर्यवेक्षक माया यादव ने छात्राओं को बाल विवाह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है, और इससे लड़कियों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने छात्राओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें इसके खिलाफ जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। बस्तर थाना पुलिस ने एनएसएस शिविर में बालिकाओं को नशा मुक्ति, साइबर फ्रॉड, और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। पुलिस ने बताया कि नशा एक गंभीर समस्या है और इससे हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बालिकाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें इसके खिलाफ जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी और बालिकाओं को इनसे बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा एनएसएस प्रभारी रीना आईजक, कृष्ण कुमार मरावी, निरंजन वैध, अजीत मरकाम सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का हस्तांतरण 19 नवंबर को कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर में लाइव प्रसारण के माध्यम से आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की।

इस अवसर पर दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण बीजापुर के किसानों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती को भविष्य की टिकाऊ कृषि का आधार बताते हुए किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



बीजापुर जिले में 16,663 किसानों को इस किस्त के माध्यम से लगभग 3.33 करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में जमा हुई है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों को विभिन्न योजनाओं और कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी उप संचालक कृषि पी.एस. कुसरे, सहायक संचालक उद्यानिकी आर.सी. राव, वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख अरुण सकनी, कार्यक्रम सहायक कीट विज्ञान अरविंद आयम तथा डा. दिनेश मरापी, प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा दी गई।

### जनजाति समाज के शिक्षक, व्याख्याताओं व छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# जनजाति गौरव दिवस आदिवासी समाज में जन्मे असंख्य महापुरुषों को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में जनजाति गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बस्तर सांसद महेश कश्यप गोरख नाथ बघेल एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम की

- **सांसद ने कालेज के छात्र व छात्राओं के साथ किया संवाद**

शुरुवात भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, धरती आंबा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधत करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस केवल भगवान बिरसा मुंडा ही नहीं, आदिवासी समाज में जन्मे असंख्य महापुरुषों को समर्पित है, ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अपने जल, जंगल, ज़मीन, जनजाति पहचान एवं स्वतंत्रता पर संकट देखकर उसके रक्षण के लिए शोषणवादी अंग्रेजी सत्ता के विरोध में उलगुलान आंदोलन करने वाले धरती आबा की उपाधि से विभूषित भगवान बिरसा मुंडा की यह 150 वी जयंती का वर्ष है।

अंग्रेजों के खिलाफ़ सशस्त्र विद्रोह करने के कारण वह गिरफ्तार हुए एवं जेल में ही 9 जून 1900 को उनका बलिदान हो गया। उनकी संघर्षमय स्मृति को चिरस्थायी रूप देने एवं उनसे युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त कर सके, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों से रहित जीवन, अंधविश्वास से मुक्ति एवं अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया। उन्होंने शोषण के प्रति आवाज उठाते हुए बेगारी प्रथा का विरोध किया। ब्रिटिश सत्ता को लगान न देने का आह्वान कर उन्होंने उलगुलान आंदोलन को प्रारंभ किया। उनका नारा था अबुआ राज़ एते जाना, महारानी राज टुंडू जीना। हमारा शासन शुरू हो, रानी का शासन समाप्त हो।

कश्यप ने कहा कि नागालैंड की महारानी गाइडन्यू जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ़ विद्रोह किया एवं स्वधर्म के स्वाभिमान के लिए हरक्का आंदोलन चलाकर नागा समाज में मतांतरण का विरोध किया। राजस्थान में जन्मे गोविंद गुरु भील समाज में अध्यात्म, समाज सुधार एवं शोषण के खिलाफ़ आंदोलन के प्रतीक बन गये। रानी दुर्गावती, तिलका माजी, अल्लूरी सीताराम राजू, कोरम भील, टाट्या भील, सिद्धू कानू मुर्मू आदि जनजाति समाज के महानायकों के बिना भारत का इतिहास अधूरा है।

उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक फैले जनजातीय समाज ने स्वतंत्रता के आंदोलन, धर्म-संस्कृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई है। संपूर्ण भारतवर्ष इन सभी महापुरुषों का सदैव ऋणी रहेगा। वर्तमान में भी मैरीकॉम मुक्केबाजी में, कोमालिका बारी धनुर्विद्या एवं दिलीप तिर्की हॉकी जैसे अनेक जनजातीय नौजवान अनेक विधाओं के माध्यम से देश का नाम उज्ज्वल कर रहे है।

मुख्य वक्ता गोरख नाथ बघेल ने भी भगवान बिरसा मुंडा, जनजाति समाज के क्रांतिकारियों के जीवनी एवं जनजाति समाज के गौरव पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य दिनेश कुमार लहरी ने किया। जनजाति समाज के शिक्षक, व्याख्याताओं एवं छात्र छात्राओं का अतिथियों द्वारा विशेष सम्मान किया गया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राहुल असरानी, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, जिला पंचायत सदस्य तिलेस्वरी नागेश, सरपंच ग्राम पंचायत चितालंका मुन्नी भास्कर उपस्थित रहे। इस दौरान जनभागीदारी समिति सदस्य प्रियंका बेहरा, राजेश बोरबन, गौतम भाठी, डे नारायण, प्राचार्य डॉ. के एम प्रसाद, डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नबाला मोहंती, डॉ. धारणा ठाकुर एवं अन्य शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# पुराना मार्केट बस स्टैंड का स्लैब गायब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



शहर के पुराने मार्केट स्थित बस स्टैंड की यह कहानी जितनी अजब है, उतनी ही गजब भी। लाखों रुपये खर्च कर विशाल बस स्टैंड तो बना दिया गया, लेकिन आने-जाने के लिए स्लैब लगाना

- **चढ़ने उतरने में ग्रामीणों को हो रही परेशानी**

शायद जिम्मेदार अधिकारियों को याद ही नहीं रहा। आखिर इतनी छोटी सी बात उनके ध्यान में कैसे आ सकती है, यह आम जनता की सुविधा की जो ठहरी।


बस स्टैंड का उपयोग सबसे ज़्यादा ग्रामीण और गरीब यात्री करते हैं, जो रोज़मर्रा में बस से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। लेकिन उनके लिए चढ़ना उतरना आज भी एक चुनौती बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी और नेता तो वैसे भी सरकारी या निजी वाहनों में घूमते हैं उन्हें स्लैब की क्या जरूरत।

स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब इतना बड़ा ढांचा तैयार किया गया, तो सुलभता जैसी मूलभूत सुविधा क्यों छोड़ दी गई। क्या यह योजना में भूल थी या जिम्मेदारों की लापरवाही। इस पर अब बहस तेज है।

जनता की मांग है कि जल्द से जल्द बस स्टैंड में स्लैब बनाकर ग्रामीणों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए आने-जाने की समस्या का समाधान किया जाए।

## एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में हुआ प्रॉब्लम सॉल्यूशन फिट पर सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा द्वारा नवाचार एवं स्टार्टअप मानसिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का विषय था समस्या-समाधान फ़िट प्राप्त करना जिसमें क्वालिटी सर्कल फ़ोरम ऑफ़ इंडिया, भिलाई चैप्टर से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ सुनील कुमार त्रिवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया।

सत्र की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य द्वारा अतिथि स्वागत के साथ हुई। त्रिवेदी ने बताया कि किसी भी स्टार्टअप या नवाचार की सफलता उसकी क्षमता पर निर्भर करती है कि वह वास्तविक समस्याओं को समझकर उनका उपयुक्त समाधान प्रस्तुत कर सके। उन्होंने छात्रों को प्रॉब्लम आइडेंटिफिकेशन, कस्टमर नीड एनालिसिस, रूट कॉज़ एनालिसिस और वैल्यू प्रपोज़ीशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने विभिन्न उद्योगों के उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे कई स्टार्टअप केवल इसलिए सफल होते हैं क्योंकि वे समस्या को गहराई से समझते हैं और समाधान को उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालते हैं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने सरल और व्यावहारिक उत्तर दिया। प्राचार्य ने बताया कि ऐसे सत्रों का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस आयोजन ने छात्रों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया, जिससे वे भविष्य में नवाचार आधारित परियोजनाओं को और भी प्रभावी ढंग से विकसित कर सकेंगे।

### जिला कार्यालय में हुआ नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण

**दंतेवाड़ा।** अपर कलेक्टर राजेश कुमार पात्रे द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की 5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला कार्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नशा मुक्त भारत अभियान की उपलब्धियों को उजागर करने, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने और नशामुक्त समाज की निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध शपथ लिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम में बताया गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत दरभा ब्लॉक में पोस्ट ऑफ द मंथ अक्टूबर माह के ब्लॉक स्तर के विजेता शिक्षकों को प्रमाणपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विनोबा टीम से नीलम अग्रवाल ने बताया कि विनोबा एप शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। उत्कृष्ट गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना जाता है। पोस्ट ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक किरण तिवारी प्राथमिक शाला धीरागुड़ा चितापुर, प्रमोद मरावी हायर सेकण्डरी स्कूल छिन्दबहार, गोमती ठाकुर कन्या आश्रम शाला चितापुर,निक्की नरेटी माध्यमिक शाला चितापुर को खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बीआरसी समलू राम कश्यप, एबीईओ शेख तौफिक, सीएसी जयप्रकाश तिवारी, विनोबा टीम से नीलम अग्रवाल, हेमन्त चंद्राकर के द्वारा शिक्षको को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बीईओ जगदीश पात्र ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने,विद्यालय स्तर की विविध शैक्षणिक गतिविधियों को साझा करने का अवसर शिक्षकों को मिल रहा है। इससे शैक्षिक गतिविधियों की पहचान होती है।शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए बुधवार को ब्लॉक स्तर के पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेताओं को बीआरसी भवन दरभा में सम्मानित किया गया।

# सम्पूर्ण व्यवस्था के साथ धान खरीदी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला बीजापुर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु 30 उपार्जन केन्द्र बनाये गये सभी उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन के सहयोग से 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है।

गत वर्ष खरीफ में 18033 कृषकों ने जिले में धान विक्रय किये गये थे। इस वर्ष 18978 कृषकों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है मिली जानकारी के अनुसार जिले के 8 उपार्जन केन्द्रों में 155.20क्विटल खरीदी की जा चुकी है। सभी केन्द्रो में पुराने एवं नये बारदानों को पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। जिन कृषकों का नया पंजीयन या कैरी फारवर्ड में नाम छुट गया है वे कृषक तहसीलदार के पास जाकर 25 नवम्बर 2025 तक नवीन पंजीयन एवं कैरी फारवर्ड करा सकते हैं।

कृषकों को उपार्जन केन्द्रों में किसी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानी न हो इस हेतु कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। कृषक टोकन तुंहर हाथ एप से प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक टोकन स्वयं अपने फोन से काट सकते हैं।एवं समिति में किसान अपना टोकन रविवार से शुक्रवार तक कटवा सकते है।

### जेम पोर्टल के उपयोग पर दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** शासकीय विभागों में खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, सरकारी ई-मार्केटप्लेस जेम पोर्टल के उपयोग पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को जेम पोर्टल के माध्यम से होने वाली सरकारी खरीदी की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस दौरान जेम रिसोर्स पर्सन राकेश तिवारी द्वारा जेम पोर्टल पर पंजीकरण, उत्पादों और सेवाओं का चयन, बिडिंग प्रक्रिया और ऑर्डर प्लेसमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जेम पोर्टल केंद्र सरकार की एक पहल है, जो सरकारी विभागों को सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एक ऑनलाइन मंच प्रदान करता है, जिससे समय की बचत होती है और खरीदी में अधिक पारदर्शिता आती है।

### 10 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिकों के मृत्यु के प्रकरण में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए कुल 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## किसानों ने लाइव प्रसारण देखा व 32 कृषकों को बीज वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के ऑडिटोरियम में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर 32 किसानों को द्विफसली फसल विस्तार योजना के तहत बीज वितरण किया गया।

### किसानों के खाते में पहुंची 21वीं किस्त

बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त किसानों के खाते में डाल दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त दो, दो हजार रूपये 9 करोड़ किसानों के खातों में ट्रांसफर कर दी है। किसानों के खातों में 2000 आने के बाद किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, रविशंकर शुक्ला, किरण सेठिया, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दुर्गावती दूधी, कृषि विकास अधिकारी गोविंद नाग, संतोष मौर्य, अजय ध्रुव, भूपेंद्र हेड़उ, लेमेश पांडे, शिवेंद्र वर्मा, रुक्मणी गेंडरे, कृष्णा मरावी सहित अन्य ग्रामीण व विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

# मेगा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ 21 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन, पुलिस विभाग (गृह) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में और जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मेगा बस्तर ओलंपिक का आयोजन 21 से 22 नवंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा एवं इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। जिले के सभी विकासखंडों से चयनित कुल 979 जूनियर, सीनियर, महिला, पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वहीं हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों का चयन सीधे जिला स्तर पर किया गया है।

दो माह तक चले इस आयोजन में 20 सितंबर से 22 अक्टूबर तक खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया, जिसमें कुल 47,752 प्रतिभागियों ने नाम दर्ज कराया। विशेष बात यह रही कि इस बार महिलाओं का पंजीयन पुरुषों से अधिक रहा। ज्ञात हो कि पंजीयन की शुरुआत उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव द्वारा दंतेवाड़ा मंदिर प्रांगण से की गई थी।

प्रतियोगिता को लेकर पूरे जिले में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। इस क्रम में कहीं रंगोलियों के माध्यम से, कहीं दीयों, रैली और मुनादी द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने प्रेरित किया गया। बस्तर ओलंपिक का शुभंकर 'वन भैंसा' भी नगर एवं ग्राम्य क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को आयोजन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करता रहा। क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने शुभंकर चयन को वन्यजीव संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चोपड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 200 यूनिट बिजली बिल हाफ प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात



**चारामा।** प्रदेश सरकार द्वारा 200 यूनिट तक बिजली बिल आधा करने के ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय पर भारतीय जनता पार्टी मंडल चारामा गौरव और संतोष की अनुभूति कर रहा है। मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को वह राहत दी है, जिसका इंतजार कई दिनों से था। यह निर्णय केवल बिजली बिल कम करने भर का कदम नहीं, बल्कि जनता के जीवन में प्रकाश और विश्वास बढ़ाने वाला संकल्प है। मुख्यमंत्री ने सिद्ध कर दिया है कि जनकल्याण ही उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली बिल आधा करने से ग्रामीण, गरीब, मध्यमवर्ग और छोटे व्यवसायियों को सीधा लाभ मिलेगा। यह कदम प्रदेश की आर्थिक गति को मजबूत करेगा और हर घर में खुशहाली लाएगा।

### मौत मामले में 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए पखांजूर तहसील के ग्राम खैरकट्टा निवासी 56 वर्षीय कारेबाई की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित सुकोती बाई के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत सहायता राशि हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अंतिम मौका 31 तक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि के अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। शिक्षा सत्र वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन माध्यम से की जा रही है। सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थियों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए उक्त शिक्षा सत्र के लिए 31 दिसम्बर 2025 तक मौका दिया गया है। निर्धारित तिथि पश्चात विद्यार्थियों को उक्त शिक्षा सत्र वर्ष के लिए बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी के लिए अवसर प्रदाय नहीं किया जाएगा।

### शिविर स्थल पर आज से जमा करें गणना पत्रक



**भानुप्रतापपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्य चल रहा है। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के द्वारा सभी मतदाताओं को दिया गया गणना पत्रक आज से प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक अपने वार्ड के विशेष शिविर स्थल पर बीएलओ के पास अनिवार्य रूप से जमा करें। वार्डवार शिविर स्थल व बीएलओ, वार्ड 1 व 3 माध्यमिक शाला संजयपारा बीएलओ 81, वार्ड 4 रंगमंच भवन, तहसीलपारा बीएलओ 82, वार्ड 5 व 9 नगर पंचायत कार्यालय बीएलओ 83, वार्ड 7 व 8 रंगमंच भवन, वार्ड 7 बीएलओ 84, वार्ड 10 व 11 माँ काली मंदिर, सुभाषपारा बीएलओ 85, वार्ड 6 व 15 जनपद प्राथमिक शाला बीएलओ 86, वार्ड 12 व 14 माँ दुर्गा मंदिर नयापारा बीएलओ 88 है। सभी मतदाता समय पर अपना भरा हुआ गणना पत्रक जमा करें।

## समस्या : नायब तहसीलदार ने मौके पर किया मुलाकात, दिया आश्वासन

# बासनवाही उपार्जन केंद्र में धान खरीदी बंद किसान परेशान, अफसर ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

धान उपार्जन केंद्र बासनवाही में धान खरीदी शुरू न होने से किसानों में बढ़ते आक्रोश को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित समाचार का तत्काल असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों बाद सरोना नायब तहसीलदार मौके पर पहुँचे और पूरी स्थिति की जानकारी लिया। जनपद सदस्य पवन नेताम ने बताया कि उपार्जन केंद्र में लंबे समय से खरीदी प्रक्रिया शुरू न होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल रहा था, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा था। नायब तहसीलदार संजय कुमार राय खरीदी केंद्र पहुँचकर किसानों से बात की और खरीदी प्रक्रिया में आ रही बाधाओं की विस्तृत जानकारी लिया। नायब तहसीलदार ने संबंधित प्रधिकृत कर्मचारियों को जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने और किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने देने के निर्देश दिए। लैंपस अध्यक्ष कमलेश नेताम ने बताया कि धान खरीदी के लिए हमाल की व्यवस्था की जा रही है। हमाल उपलब्ध होते ही केंद्र में धान खरीदी शुरू कर दी जाएगी। पूर्व सरपंच एवं कृषक रामसागर मरकाम ने कहा कि क्षेत्र में धान कटाई पूरी हो चुकी है, लेकिन खरीदी शुरू न होने से किसानों के लिए धान को खेतों और घरों में सुरक्षित रखना मुश्किल हो रहा है। इस पर नायब तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि खरीदी प्रक्रिया जल्द शुरू करवाई जाएगी। बांगाबारी के कृषक सकउराम मरकाम ने बताया कि खरीदी शुरू न होने से किसान आर्थिक बोझ का सामना कर रहे हैं। जरूरत के समय राशन-पानी के लिए व्यापारियों को धान लेकर जाते हैं, जहाँ आधार कार्ड और मोबाइल नंबर माँगे जाने से ग्रामीण किसानों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ रही है।

खबर का असर



किसानों का कहना है कि धान खरीदी शुरू हुए चार दिन हो चुके थे, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति का कोई संज्ञान नहीं लिया। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद ही नायब तहसीलदार धान खरीदी केंद्र पहुँचे। हमारी माँग है कि जल्द से जल्द खरीदी शुरू किया जाए।

### हड़ताल के कारण धान खरीदी में हुई देरी, कई क्षेत्रों में खरीदी अब भी बाधित

**दुर्गुकोंदल।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का इंतजार कर रहे किसानों के लिए 19 नवंबर को राहत का दिन रहा। धान उपार्जन केंद्र दुर्गुकोंदल में 19 नवंबर को धान खरीदी प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ की गई। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की जानी थी, लेकिन लेंपस कर्मचारियों की हड़ताल के कारण खरीदी प्रक्रिया स्थगित थी। किसानों में इस देरी को लेकर गहरी चिंता व्याप्त थी, क्योंकि खेतों में रखा धान खराब होने का जोखिम बढ़ रहा था। अंततः शासन के हस्तक्षेप के बाद आज से खरीदी प्रारंभ की गई, जिससे स्थानीय कृषकों ने संतोष व्यक्त किया। खरीदी की शुरुआत ग्राम दुर्गुकोंदल के कृषक लालजी/उमेन्द्र सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने 60 क्विंटल धान की तौलाई कराई। तौलाई प्रक्रिया शुरू होते ही धीरे-धीरे क्षेत्र के किसानों का पहुंचना प्रारंभ हो गया और केंद्र पर खरीद-बिक्री की गतिविधियां गति पकड़ने लगीं। धान खरीदी की इस पहली दिन की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

अधिकारियों ने बताया कि हड़ताल समाप्त होने के बाद तुलाई की व्यवस्थाओं को तेजी से दुरुस्त किया गया, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आज केंद्र में तौलाई प्रक्रिया सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से चलती रही। किसानों को टोकन वितरण, वजन, भंडारण और पंजीयन संबंधी औपचारिकताओं में कर्मचारियों ने सहायता प्रदान की। हालांकि दुर्गुकोंदल केंद्र में खरीदी शुरू हो गई है, लेकिन प्रदेश के कई अन्य क्षेत्रों में अभी भी खरीदी प्रारंभ नहीं हो सकी है, जिससे किसानों में असंतोष देखा जा रहा है। किसानों ने आशंका जताई कि लगातार देरी से धान की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। अन्य जिलों के किसान शासन से तुरंत खरीदी शुरू किए जाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय किसानों ने शासन एवं प्रशासन से आग्रह किया कि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए और भुगतान समय पर हो। साथ ही, केंद्र में बोरी, तौल मशीन, स्टाफ एवं परिवहन व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। खरीदी शुरू होने से दुर्गूकोंदल क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों में ग्राम पटेल एवं सरपंच शकुंतला नरेटी, समिति अध्यक्ष जोहन गावड़े, तहसीलदार कुलदीप ठाकुर, नायब तहसीलदार सुमित देवांगन, पटवारी जय कश्यप, फूड इंस्पेक्टर लता कोसमा, समिति प्रबंधक रवि वर्मा, नोडल हलधर नेगी, रीना कुलदीप, मुकेश मंडावी, महात्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### इंदिर गांधी की जयंती पर कांग्रेस अर्पित की पुष्पांजलि



**भानुप्रतापपुर।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। भारत की एकता व अखंडता को संजोएं रखने में व हमारे देश को सशक्त एवं प्रगतिशील बनाने, भारत के लिए कुशल नेतृत्व, सच्ची निष्ठा और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का लगातार परिचय दिया और देश के लिए अपना इंदिरा जी ने सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन देश के लिए उनका समर्पित कर्त्तव्य व अदम्य साहस करोड़ों भारतीयों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष विजय धामेचा, रामचन्द्र मिश्र, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बेंजामिन, पार्षद नरेंद्र कुलदीप, आईटी सेल लोकसभा अध्यक्ष नमन झाबक जैन, मोहन मंडावी, गोपाल राठी, आनंद जैन, रघुनाथ यादव व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### बायोमैट्रिक अपडेशन कैम्प 31 दिसम्बर तक

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यार्थियों का आधार बायोमैट्रिक अपडेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला अन्तर्गत विद्यार्थियों का बायोमैट्रिक अपडेशन सातों विकासखण्डों में संकुलवार 70 केन्द्रों में 31 दिसम्बर तक तिथिवार प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की आधार आईडी बनाने के लिए 31 दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



## शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल हल्बा के छात्र-छात्राओं ने थाने का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

स्कूली बच्चो को सायबर अपराध से बचने व नवीन कानूनी प्रावधानो की जानकारी देने समेत अन्य महत्वपूर्ण जरूरी जानकारी दिया गया। साथ बच्चों ने थाना का भमण कर कार्यप्रणाली को भी जाना।

थाना प्रभारी कोमल भूषण पटेल ने स्कूली बच्चों को थाना की गतिविधियों के बारे में बताया। थाना प्रभारी पुलिस कर्मचारियों के साथ हल्बा हाई स्कूल पहुंचे और विद्यार्थियों को सायबर फ्रॉड, महिला अपराध, नैतिक शिक्षा, बेड टच-गुड टच, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, यातायात नियमों, तथा नवीन कानूनी प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। थाना प्रभारी ने बच्चों को सायबर सुरक्षा के प्रति सचेत करते हुए बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग में सतर्कता बेहद आवश्यक है। उन्होंने सायबर ठगी से बचने के लिए व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और ओटीपी न बताने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। किसी भी तरह का फ्रॉड होने पर 1930 टोल फ्री नंबर पर कॉल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया गया कि आपराधिक घटनाओं की पहचान और रिपोर्टिंग में सतर्कता कैसे बरतनी चाहिए। बेड टच और गुड टच की अवधारणाओं को बच्चों की समझ के अनुसार स्पष्ट किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनुशासित दिनचर्या और अध्ययन के तरीके साझा किया गया। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बच्चों को हेलमेट पहनने, ट्रैफिक सिग्नल के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने की सीख दी गई। नवीन कानूनों और बच्चों से जुड़े संवैधानिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अमित सक्सेना एवं स्कूलों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के उत्साह को सराहा और थाना प्रबंधन के इस जागरुकता अभियान की सराहना की।

## पेड़ावारी में नवोदय कोचिंग का शुभारंभ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नया प्रयास



**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेड़ावारी में संकुल स्तरीय नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग कक्षा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस कोचिंग में संकुल के अंतर्गत आने वाली सभी प्राथमिक शालाओं के चयनित छात्र भाग लेंगे, जिन्हें आगामी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु विशेष प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर संकुल प्राचार्य चतुर सिंह भेड़िया ने कोचिंग कक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि संकुल स्तर पर इस प्रकार की तैयारी कक्षाओं से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया कि कोचिंग कक्षाओं का संचालन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और योजना के साथ किया जाए। विद्यार्थियों की क्षमतानुसार व्यक्तिगत ध्यान, विषयवार पुनरावृत्ति, नियमित टेस्ट, प्रश्न अभ्यास व मॉडल पेपर हल करवाने जैसी गतिविधियाँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने कहा कि बच्चों की समझ व सीखने की गति को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को विशेष सहयोग प्रदान करना होगा, ताकि किसी भी छात्र को पढ़ाई में कठिनाई न हो। इस अवसर पर संकुल शिक्षक निर्भय कोवाची ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने नवोदय जैसी राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षा की तैयारी में इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए ऐसी कोचिंग कक्षाएँ अत्यंत लाभदायक सिद्ध होती हैं, क्योंकि इससे उन्हें सही मार्गदर्शन और अध्ययन का अनुकूल वातावरण मिलता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक महेंद्र खुड़सूंगे, लछन रावटे, अशोक पुरबिया, कोमल देहारी, ऋतुरोस तिग्गा, पुनीता भुआर्य, गणित शिक्षक दीपक सिन्हा, चंदेल साहू, हेमलता कोरेटी सहित क्षेत्र के कई शिक्षक उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से कोचिंग कक्षाओं के सफल संचालन और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने आशा व्यक्त की कि संकुल स्तर पर शुरू हुई यह पहल आने वाले वर्षों में और अधिक बच्चों के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी तथा ग्रामीण शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करेगी।

## विद्यार्थियों को महिला अपराध, साइबर क्राइम, नशामुक्ति और गुड-बैड-टच की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

आत्मानंद स्कूल सरोना में बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पांचवें दिन विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 350 बच्चें तथा शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। पुलिस थाना सरोना के अधिकारियों द्वारा बच्चों को महिला संबंधि अपराध, बाल श्रम, बाल विवाह, साइबर अपराध, यातायात नियम, नशामुक्ति तथा गुड-टच–बैड-टच के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें सुरक्षित और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए बताया कि महिला संबंधि अपराधों की पहचान, उनसे बचाव और अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत करने की प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। बाल विवाह और बाल श्रम जैसे सामाजिक बुराइयों के खिलाफ कानून क्या कहते हैं, इसकी सरल भाषा में जानकारी दी गई ताकि बच्चे स्वयं भी सजग रहें और अपने आसपास ऐसी घटनाओं की जानकारी देने का साहस जुटा सकें। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए अधिकारियों ने मोबाइल और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर विशेष सत्र रखा। बच्चों को फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों से बचने के तरीके, पासवर्ड सुरक्षा और ऑनलाइन गेमिंग की सावधानियों के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। इसके साथ ही यातायात नियमों की महत्ता बताते हुए हेलमेट और सीटबेल्ट की अनिवार्यता, सड़क पार करने के नियम, ओवरस्पीड से होने वाले खतरे तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के दुष्परिणामों को उदाहरण सहित समझाया गया।

■ पुलिस ने सरोना आत्मानंद स्कूल में बाल सुरक्षा सप्ताह का किया आयोजन

नशामुक्ति के विषय पर बच्चों को बताया गया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि शिक्षा, परिवार और भविष्य पर भी उसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। बच्चों को ऐसी किसी भी लत से दूर रहने और अपने साथियों को भी जागरूक करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को गुड-टच और बैड-टच की पहचान करवाते हुए समझाया कि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में तुरंत भरोसेमंद व्यक्ति को जानकारी देना क्यों जरूरी है। बच्चों के मन से पुलिस के प्रति अनावश्यक भय को दूर करने के उद्देश्य से उन्हें नवीन थाना सरोना का भ्रमण भी कराया गया, जहां अधिकारियों ने थाने की कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और पुलिस के दैनिक कार्यों के बारे में सरल और व्यवहारिक जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाते हैं और उन्हें समाज में हो रहे अपराधों के प्रति सतर्क बनाते हैं। बच्चे भी कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित दिखे और उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कई सवाल पूछकर अपनी शंकाएं दूर कीं। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को जागरूक नागरिक बनने, कानून का सम्मान करने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की अव्हान किया।

## वन समिति की बैठक में अहम मुद्दों पर की चर्चा



**चारामा।** वन समिति चारामा की बैठक बुधवार को वन परिक्षेत्र चारामा में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागीय कार्यों की समीक्षा ली गई। जिस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का आवागमन होता है, वहां सोलर लाइट के लिए प्रस्ताव लिया गया एवं पुराने कुएं में जाली लगाने, उसे ढकने व तार घेराई करने का निर्देश एवं प्रस्ताव लिया गया, जिससे जंगली जानवरों, वन्य प्राणियों व व्यक्तियों को किसी प्रकार की हादसे का शिकार न होना पड़े। जहां-जहां पौधा रोपण के लिए जगह है, वहां पौधा रोपण एवं तालाब गहरी करण एवं नया तालाब के लिए भी प्रस्ताव लेने का निर्णय लिया गया तथा नेचर पार्क का भी निरीक्षण किया गया। नेचर पार्क में सुविधाएं बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। शासन की योजनाएं आम नागरिकों और ग्रामीणों के लिए बनी हुई है, उन्हें आम नागरिकों तक पहुंचाने और उसका लाभ दिलाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में वन समिति की सभापति अमिता बंजारे, सदस्य लोखनी पटेल, गरिमा रावटे, चिंता राम साहू, समीर कुर्रेशी सहित चारामा परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश जोशी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी महेश सलाम, लिपिक तरुण देवदास, एवं सभी वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हानपतरी में नशा मुक्त अभियान के तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ली प्रतिबद्धता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल हानपतरी में प्रार्थना सभा के दौरान नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्र–छात्राओं व शिक्षकों को नशा न करने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षकगण तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का नेतृत्व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जोहन गावड़े एवं विद्यालय के प्राचार्य शिवलाल कोमरे ने किया। दोनों ने संयुक्त रूप से बच्चों और शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा जीवन में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। अध्यक्ष जोहन गावड़े ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति, परिवार और समाज को नुकसान पहुँचाती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से हमेशा दूरी बनाए रखें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें। प्राचार्य शिवलाल कोमरे ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को हानि पहुँचाता है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, शिक्षा और भविष्य को भी प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और नशे जैसी बुरी आदतों से स्वयं को सदैव दूर रखें। प्राचार्य कोमरे ने शिक्षकों से भी अपील की कि वे विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों ने कहा कि नशा मुक्त अभियान समाज सुधार का महत्वपूर्ण कदम है और विद्यालय स्तर से शुरू हुई यह पहल आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देगी। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों में नशा विरोधी संदेश फैलाने के लिए जागरूकता गतिविधियों की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य शिक्षक एवं सदस्य पवन वैद्य, संजय पटेल, पुष्पलता कोर्राम, नवाब खान ने भी शपथ ग्रहण कर कार्यक्रम का समर्थन किया और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी छात्रों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे किसी प्रकार के नशे के पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे और अपने घर–परिवार व गाँव में भी लोगों को नशा त्यागने के लिए प्रेरित करेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

